Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ **कुचामन–डीडवाना में रीको का संविदाकर्मी/निजी सहायक कर्मचारी 92 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *28 अगस्त, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कुचामन–डीडवाना में कार्यवाही करते हुये **विजय सिंह निजी संविदाकर्मी/सहायक कर्मचारी, कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन–डीडवाना** को परिवादी से **92 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की झुंझुनूं इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म की पी.एम.टी. करने की एवज में आरोपी विजय सिंह संविदाकर्मी/निजी सहायक कर्मचारी, कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन–डीडवाना द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक के नाम पर **1 लाख रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी की झुंझुनूं इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ईस्माईल खान** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी विजय सिंह संविदाकर्मी/निजी सहायक कर्मचारी, कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन–डीडवाना को परिवादी से **92 हजार रुपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन–डीडवाना की भूमिका की जाँच की जा रही है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**